प्रेषक,

शिव कुमारी,
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
जनपद न्यायालय ,हाथरस।

सेवा में,

माननीय महानिबन्धक
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

श्रीमान जनपद न्यायाधीश,
हाथरस।

विषय – स्थानांतरण जनपद हाथरस में स्टे किये जाने के सम्बन्ध में

महोदय ,

ससम्मान निवेदन है कि प्रार्थिया का अप्रैल 2018 में जनपद वाराणसी से जनपद हाथरस में स्थानांतरण हुआ था तथा प्रार्थिया द्वारा दिनॉक 25.4.2018 को जनपद हाथरस में पदभार गृहण किया गया। प्रार्थिया वर्तमान में जनपद हाथरस में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर कार्यरत है। महोदय वर्ष 2021 में प्रार्थिया को जनपद हाथरस में तीन वर्ष पूर्ण हो जायेगें ।

महोदय, प्रार्थिया इसी जनपद में निम्नांकित वर्णित कारणों से एक वर्ष और रहना चाहती है–

1. महोदय , प्रार्थिया के पति श्री ब्रजेश कुमार सहायक अभियन्ता , सिचाई विभाग में जनपद बुलन्दशहर में कार्यरत हैं , जो कि जनपद हाथरस के समीपवर्ती है।

2. महोदय , प्रार्थिया के तीन बच्चे (ट्रिपलेट) जो कि अल्पआयु 5 वर्ष के हैं , जिनकी परिवरिश व पालन पोषण की समस्त जिम्मेदारी प्रार्थिया व उसके पति पर है। प्रार्थिया का स्थानांतरण अन्यत्र होने की स्थिति में पारिवारिक दायित्वों के निर्वहन में कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

3. महोदय, प्रार्थिया के पति वर्तमान में जनपद बुलन्दशहर में कार्यरत है, जो कि प्रार्थिया का गृह जनपद है।

4. महोदय, प्रार्थिया के पति आगरा के मूल निवासी है तथा प्रार्थिया की सास आगरा में ही निवास करती है , जो कि अत्यधिक बीमार रहती है व उनका उपचार आगरा के चिकित्सकों द्वारा करवाया जा रहा है।

महोदय, जनपद हाथरस , जनपद बुलन्दशहर के समीपवर्ती है व प्रार्थिया के इस वर्ष अन्यत्र जनपद में स्थानांतरण होने की दशा में पारिवारिक जिम्मेदारी निर्वहन करने में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

अतः माननीय महोदय से सादर निवेदन है कि प्रार्थिया का स्थानांतरण एक वर्ष के लिये जनपद हाथरस में ही स्टे किये जाने की कृपा करें।

सादर ।

भवदीया

Shiv Kumari 07/12/20

(शिव कुमारी)

दिनॉक 5.12.2020

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, हाथरस
आई.डी.नंबर यू.पी. 1810